Title: Need to provide more facilities at Chitrakutdhamkarvi Railway Station, U.P.

श्री राम सजीवन (बांदा) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित चित्रकूट जिले का मुख्यालय करवी है, जो मध्य रेल के झांसी रेल मंडल के अन्तर्गत है। पूरे भारत में विख्यात चित्रकूट एक महत्वपूर्ण धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थल है। यहां पर प्रतिमाह अमावस्या के दिनों में लाखों यात्री आते-जाते हैं और प्रतिदिन मेला बना रहता है। चित्रकूट धाम करवी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए अपर्याप्त सुविधाओं के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। ट्रेनों में चढ़ने-उतरने में अनेक कठिनाइयां आती हैं। यात्रियों को अनेक कटों से बचाने हेतु पर्याप्त व्यवस्था करने की आवश्यकता है।

झांसी-बांदा शटल ट्रेन को मानिकपुर तक बढ़ाकर रोजाना चलाया जाये, जो केवल अमावस्या मेले के दिनों में चलाई जाती है।

आगरा ग्वालियर और हावड़ा के बीच हफ्ते में तीन दिनों तक चलने वाली चम्बल एक्सप्रैस को दोनों ओर से प्रतिदिन चलाया जाये। उसको आगरा ग्वालियर से आगे बढ़ाकर निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन तक चलाया जाये।

जबलपुर निजामुद्दीन के बीच चलने वाली महाकौशल एक्सप्रैस के चित्रकूट धाम करवी रेलवे स्टेशन पर ठहराव का समय तीन मिनट से बढ़ाकर छः मिनट किया जाये।

चित्रकूट धाम करवी रेलवे स्टेशन पर एक तीसरी नई रेल लाइन बिछाकर स्टेशन पर ट्रेनों के रुकने की क्षमता बढ़ाई जाये।

दोनों प्लेटफार्मों को जोड़ने हेतु एक ऊपरिगामी पारपथ निर्मित किया जाये।